(1100/NK/SAN)
1100 बजे

(माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए।)

(राष्ट्र गान की धुन बजाई गई।)

निधन संबंधी उल्लेख

1101 बजे

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मैं अत्यंत दु:ख के साथ, सभा को 18वीं लोक सभा के हमारे दो साथियों और तीन पूर्व साथियों के निधन के बारे में सूचित करना चाहता हूँ।

श्री वसंतराव बलवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र के नांदेड़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से इस लोक सभा के सदस्य थे। वे महाराष्ट्र विधान सभा और महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य भी रहे।

श्री चव्हाण एक शिक्षाविद थे, जिन्होंने नायगांव, महाराष्ट्र में अनेक शैक्षणिक संस्थान स्थापित किए। श्री वसंतराव बलवंतराव चव्हाण का निधन 70 वर्ष की आयु में 26 अगस्त, 2024 को तेलंगाना के गाचीबोवली में हुआ।

श्री एस.के. नुरुल इस्लाम पश्चिम बंगाल के बसीरहाट संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 18वीं लोक सभा के सदस्य थे। वे 15वीं लोक सभा के सदस्य भी रहे।

श्री नुरुल इस्लाम ने कृषि संबंधी समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया। इससे पूर्व, वह पश्चिम बंगाल विधान सभा के सदस्य भी रहे। श्री एस.के. नुरुल इस्लाम का निधन 60 वर्ष की आयु में 25 सितम्बर, 2024 को पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना में हुआ।

श्री एम.एम.लॉरेंस केरल के इडुक्की संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सातवीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री लॉरेंस ने गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के सदस्य के रूप में कार्य किया। श्री एम.एम.लॉरेंस का निधन 95 वर्ष की आयु में 21 सितम्बर, 2024 को केरल के एरनाकुलम में हुआ।

श्रीमती एम.पार्वती आंध्र प्रदेश के ओंगोले संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से ग्यारहवीं लोक सभा की सदस्य थीं। वह आंध्र प्रदेश राज्य विधान सभा की सदस्य भी रहीं। श्रीमती एम.पार्वती का निधन 77 वर्ष की आयु में 25 सितम्बर, 2024 को चेन्नई में हुआ।

(1105/SK/SNT)

श्री हरीशचन्द्र देवराम चव्हाण महाराष्ट्र के डिंडोरी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चौदहवीं, पन्द्रहवीं और सोलहवीं लोक सभा के सदस्य थे।

(pp 2-30)

श्री चव्हाण ने अनेक संसदीय समितियों में कार्य किया। इससे पूर्व, श्री चव्हाण महाराष्ट्र विधान सभा के सदस्य रहे थे।

श्री हरीशचन्द्र देवराम चव्हाण का निधन 72 वर्ष की आयु में 14 नवम्बर, 2024 को महाराष्ट्र के नासिक में हुआ।

अब, यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में थोड़ी देर मौन रहेगी।

(तत्पश्चात् सदस्यगण थोड़ी देर मौन खड़े रहे।)

माननीय अध्यक्ष: ओम शांति: शांति: शांति:।

माननीय अध्यक्ष: सभा की कार्यवाही बारह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

1105 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा बारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।